# LOK SABHA DEBATES

Vol. XXIII | First Day of the Seventh Session of the Fifth Lok Sabha | No. 1

## LOK SABHA

*Monday, February 19, 1973/Magha 30, 1894 (Saka)*

---

*The Lok Sabha met at Thirty Minutes past Twelve of the Clock.*

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

## PRESIDENT'S ADDRESS

SECRETARY: I beg to lay on the Table a copy of the President's Address to both Houses of Parliament assembled together on the 19th February, 1973.

*President's Address*

Honourable Members,

You have assembled to perform the exacting tasks which lie ahead of you. Not only have you to transact the formal legislative business but also to take stock of the problems that the nation faces and give guidance to the Government and the people.

2. Barely had the country overcome the extraordinary challenges of 1971, when we were confronted with fresh problems. The after-effects of the influx of refugees and the war were aggravated by drought in several parts of the country. Our hearts go out to all those who have been affected by drought and in certain other areas by cyclone and floods. Works on a large scale have been undertaken in all affected areas to provide employment and relief. Our buffer stock of foodgrains, along with the strengthening of the public distribution system, enabled the Government to meet the situation. In 1972, about 10.6 million tonnes of grains were distributed through the public system.

3. Inevitably, the drought led to a fall in food production, particularly in the areas of rain-fed cultivation and this, in turn, influenced prices, which have registered a sharp increase since May last year. This has been a matter of grave concern to my Government In addition to strengthening the public distribution system, as mentioned above, an emergency programme was launched to increase *rabi* and summer foodgrains production to offset the loss of *kharif* output. We expect a good *rabi* crop this year None the less, we must husband all available food resources and avoid waste.

4 Prices of food articles can be brought under check and the interests of the common people safeguarded by taking over the surplus of wheat and rice, by eliminating wholesale traders and by organising distribution of foodgrains, especially to scarcity areas and the vulnerable sections of the population The wholesale trade in wheat will be taken over from the coming wheat marketing season. This will be followed by the take-over of wholesale trade in rice. The success of this programme calls for the wholehearted co-operation of surplus as well as deficit States.

5. The emphasis on credit policy continues to be one of restraint, consistent with the need to maximise production, meet priorities and attend to hitherto neglected sectors The Government's programme of market borrowings during the year was designed to absorb the surplus liquidity of the commercial banking system.

6. The relatively sluggish rate of growth of industrial production in 1970 and 1971 gave place to an upward trend in 1972. Industrial production increased by over 7 per cent during the year. It would have been still higher but for the shortage of power in most parts of the country. Government is taking short-term and long-term measures to improve the generation, transmission and distribution of power.

7. Government has recently clarified its Industrial Licensing Policy of curbing monopolies and the concentration of economic power, consistent with the objectives and the priorities of production during the Fifth Five Year Plan. Several measures which should stimulate investment on a wide front have been announced. The larger number of applications and approvals for licences, capital goods, finance from industrial financing institutions, registration of companies and capital issues—all indicate a gathering tempo of industrial activity. Government is also laying emphasis on the active implementation of industrial licences already granted and is devising practical measures to increase the pace of implementation.

8 Government has devoted attention to the problems of textile and engineering units which have been lying closed or are facing serious difficulties due to mismanagement and failure to re-invest surpluses and to modernise the plants. The managment of a number of these units has been taken over this year in order to revive production and ensure continuous employment. With the restoration of law and order in West Bengal, industrial recovery is gaining momentum under a 16-point programme.

9. In our steady march towards socialism, an increasingly wide segment of economic activity has been brought under public ownership and management. This covers a major part of transport and communications, power, coal, steel, heavy engineering, banking, insurance and important segments of external and internal trade. As a result of the vigorous steps taken by Government, a definite improvement was discernible in most public sector units last year. Ultimately, production and the quality of service to the people in all these fields depend on the dedication and sense of involvement of managers and workers. In the changed context, both managers and workers have to give up the traditional concept of their roles. Management has to develop new attitudes and look upon workmen as participants in the service of the people. Workers should not allow trade unions rivalry to prevent them from fulfilling their historic role of being in the vanguard of socialist transformation by making our public enterprises successful and models of service to the people. On its part, Government recognises the central role of the worker in the economic process and will do everything in its power to ensure that his legitimate rights are protected. I appeal to workers, particularly in vital industries and sectors, to place the country first and keep in mind the conditions of the vast multitude of the low paid and the unemployed.

10 Government will continue its efforts to bring about a consensus among trade unions on the critical problems of uninterrupted production, increase in productivtty, wages and participation in management.

11. Government has been considering methods of improving the performance of public sector undertakings. Some of these need to be restructured as holding companies so as to combine entrepreneurial vigour with effective public accountability. The Steel Authority of India Ltd. has been set up to reorganise the steel industry on these new lines. Further improvements in management practices and general administrative procedures are under examination.

12. The Approach to the Fifth Five Year Plan has been approved by the National Development Council. The Approach indicates the effort necessary to attain the twin objectives of self-reliance and the removal of poverty within a reasonable period A number of programmes proposed to be taken up in the Fifth Plan—the National Programme of Minimum Needs, the Employment programme, the accent on the development of backward classes and backward regions and the reorientation of the pattern of production with emphasis on goods of mass consumption—are designed directly to attack the problem of poverty. The Approach is based on Government's considered view that growth and social justice are interlinked. Social justice needs growth to be meaningful and growth needs social justice to be sustained and durable. The quality and content of growth are more important than growth by itself.

13. The new directions given to the Fifth Plan and the magnitude of its targets call for major efforts on the part of all sections of our people. We have to sustain and transfer the unity, morale and confidence which we demonstrated in meeting external danger to the fields of economic and social transformation of the country. I have no doubt that the people will respond to this challenge. It will be the privilege of this fifth Parliament of our Republic to give shape to the Fifth Five Year Plan and make it the turning point in our advance towards economic independence.

14. A number of programmes intended for the benefit of rural masses have been in operation for the last two to three years—the small and Marginal Farmers' Programme, the programme for Rural Employment, Drought Prone Areas Programme, provision of house sites to landless labour in rural areas and the Nutrition Programme. A special programme to provide employment opportunities for 5 lakh educated persons in the coming year has been formulated. These schemes for the provision of house sites to landless labour, creation of rural employment as also provision of water supply and electricity to rural areas will be further accelerated. The implementation of land reforms will be expedited.

15. Simultaneously, a programme of advance action for the Fifth Plan has been prepared. It is proposed to increase the production of pulses, oilseeds, sugarcane and cotton, and to accelerate irrigation projects, improve the working of power stations and hasten the commissioning of those which are nearing completion. The production of steel and fertilisers is also being increased.

16. Realising the significance of education, both for social transformation and economic growth, Government has decided to take steps, in concert with State Governments, for programmes of educational reconstruction and development in the Fifth Five Year Plan.

17 A Science and Technology plan, which will form an integral part of the economic plan, is being prepared This will help us to harness science and technology in a more purposive way for self-reliance and economic growth. At the same time, we must take measures to preserve the quality of the natural environment

18 A new Department of Space and a Space Commission have been constituted to utilise fully the benefits that can accrue to the country as a result of the peaceful uses of outer space

19. Government has been deeply concerned at the recent developments in Andhra Pradesh. The problem in that State has a long history We view with grave anxiety the resort to violence in an attempt to settle this problem Such violence is opposed to the basic values we cherish; it has resulted in the loss of valuable lives and

extensive damage to public property. I express my sympathy and sorrow for those who have suffered. There is no problem for which a reasonable solution cannot be found through calm and rational discussion. Government's sole consideration is to safeguard the interests of all sections of our people. I appeal to the people of Andhra Pradesh to co-operate fully with the Government in finding a peaceful solution.

20. I now turn to relations with neighbours, near and far. We have desired the establishment of mutually beneficial and friendly relations with Pakistan. We signed the Simla Agreement as the first step towards the establishment of durable peace. The Agreement lays emphasis on bilateralism for the solution of differences by peaceful means and excludes outside agencies and third party involvement. I am glad that India and Pakistan have been able, through bilateral negotiations, to determine a line of control in Jammu and Kashmir which is to be respected by both sides. Similarly, both sides have withdrawn their troops to the international border in the process. India has vacated about 5900 sq. miles of Pakistan's territory. This by itself is concrete evidence of India's friendly intentions towards Pakistan.

21. The prisoners of war of the Western front have been exchanged. It is hoped that Pakistan will create the necessary conditions which would enable the three parties to the conflict in the Eastern theatre to hold discussions for the repatriation of the prisoners of war who surrendered to the joint command of India and Bangladesh Forces. The Simla Agreement holds promise not only of improving and normalising relations between India and Pakistan but also of establishing durable peace in the sub-continent as a whole. This will enable the countries of the sub-continent to devote their energies and limited resources to the urgent task of furthering the economic and social well-being of their peoples.

22. Our friendship with Bangladesh has taken concrete shape in the historic Treaty of Friendship, Co-operation and Peace and in Agreements on various matters of mutual interest. Bangladesh has made remarkable recovery from the ravages of the liberation struggle. Within a year, Bangladesh has adopted a Constitution and is about to hold her first General Elections. Seldom has a nation which has been through so harrowing an ordeal progressed so rapidly on the road to political stability and economic recovery We hope that Bangladesh, which has been recognised by 95 countries, will take her rightful place in the United Nations. We share Bangladesh's concern for her nationals who are detained in Pakistan and hope that they will soon be released.

23 Our friendly relations and close co-operation with Nepal continued to grow during the year In April-May 1972, we had the pleasure of receiving the Prime Minister of Nepal, the Right Honourable Shri Kirti Nidhi Bista, as our guest Our Prime Minister paid a visit to Nepal earlier this month and a useful exchange of views took place during the visit These visits have helped to further strengthen the already close, friendly and mutually beneficial relations between the two countries.

24. In the death of His Majesty Jigme Dorji Wangchuk, Bhutan lost a great statesman and India a dear friend. The news of his demise in Nairobi was received in India with a deep sense of shock and sorrow. We extend our co-operation to the new King, His Majesty Jigme Singye Wangchuk and are confident that during his rule the existing ties of close friendship between Bhutan and India will be further strengthened.

25. We are happy that the long delayed peace agreement in Vietnam has been concluded and that the terrible war that raged for a whole generation, causing great suffering and hard-

ship to the people, has ended. We hope that the ceasefire will lead to a durable peace which will enable the people of Vietnam to address themselves to the tasks of reconstruction. We hope also that peace and order will come to the neighbouring States of Laos and Cambodia.

26. We have strengthened our ties of friendship, mutual understanding and co-operation with all countries. It is gratifying that with many of them our trade has also registered an increase. We value our close ties with the Soviet Union and will continue to strengthen them.

27. It is our earnest desire to improve understanding and co-operation with the United States of America.

28. The emergence of a new Western Europe, following the entry of the United Kingdom, Denmark and Ireland into the enlarged European Economic Community is a major development. It is our hope that this bigger European Community will look outward rather than inward and pursue a helpful approach to the problems of the developing countries.

29. We welcome the positive trends in the international situation which have created an atmosphere of *detente*. My Government would like to normalise relations with China. We view the moves towards reconciliation between the United States of America and China, Japan and China, and between North and South Korea as positive steps in favour of the relation of tensions. In Europe, the acceptance by the Federal Republic of Germany of existing frontiers has led to relaxation of tensions between the Federal Republic of Germany and German Democratic Republic, in particular, and other European States in general.

30. We shared with the Zambian people their shock and anger when Rhodesia closed its border with Zambia and stopped the transit over Rhodesian soil of all Zambia's imports and exports. We have offered to help the Zambian Government with such assistance as we can give. We regret that because of the situation created by the Rhodesian action, the Zambian President, Dr. Kenneth D. Kaunda could not pay his State visit to India last month.

31. The expulsion of Asians from Uganda has been a matter of serious concern to the Government as it has led to the uprooting of several thousands of people of Indian origin who had made Uganda their home and had contributed to its development During my visits to Ethopia, Tanzania and Zambia, I found how these actions had embarrassed enlightened opinion in African countries which are striving for rapid economic development and racial equality and tolerance. We continue to make common cause with the people of Africa who are fighting against colonialism, injustice and oppression. I am happy that our technical and economic co-operation with African countries is rapidly increasing.

32. We regret that there has been no progress towards a solution of the problem created by Israel's occupation of Arab territories. Our stand on this critical issue is based on principles which we have again supported in the last resolution in the United Nations calling on Israel to vacate these territories.

33. Honourable Members, the correctness of our internal and external policies and the basic vitality of our economy, our institutions and our people have been proved time and again whenever the country has had to face grave situations. I am sure that our present difficulties are temporary and that we shall overcome them and emerge more united and disciplined. We shall have to work with clarity of vision and unity of purpose to meet these challenges.

34. During your present Session, you will be dealing with the Demands for Grants for the next financial year as well as with legislative business. Government will bring before Parliament a Bill to replace the Coal Mines (Taking over of Management) Ordinance, 1973. Government also intends to bring before Parliament a Comprehensive Taxation Laws (Amendment) Bill. In addition, legislation to regulate foreign contributions and to establish a Newspaper Finance Corporation for rendering financial assistance to small and medium newspapers as well as Bills to amend the Election Law, the Cinematograph Act and the Delhi Development Act will be among the measures that will be brought before Parliament.

35. Honourable Members, I summon you to your new endeavours and wish you well.

---

माननीय संसद् सदस्यगण !

आप उन कठिन कार्यों के लिए एकत्र हुए हैं जो आपके सामने आने आयेंगे। औपचारिक विधायी कार्य के अतिरिक्त आपको उन समस्याओं पर, जिनका राष्ट्र सामना कर रहा है, विचार कर सरकार और जनता का मार्गदर्शन करना है ।

2. जैसे ही देश 1971 की असाधारण चुनौतियों का सामना करने में सफल हुआ कि हमारे सामने नई समस्याएं उठ खड़ी हुईं। शरणार्थियों की बाढ़ और युद्ध से उत्पन्न कठिनाइयां देश के कई भागों में सूखा पड़ने से और बढ़ गईं। सूखे और कुछ अन्य क्षेत्रों में तूफान और बाढ़ से जिन लोगों को कष्ट हुआ है उनके प्रति हमारी सहानुभूति है। इन सभी क्षेत्रों में रोजगार और सहायता के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं ।

इस स्थिति का सामना करने में अनाज के बफर स्टाक और जनता को अनाज मिलने की व्यवस्था को मजबूत करने से सरकार को बड़ी मदद मिली । 1972 में इस व्यवस्था द्वारा 1 करोड़ 6 लाख टन अनाज बांटा गया ।

3. सूखा पड़ने से अनाज की पैदावार में कमी हुई, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में, जहां खेती वर्षा पर निर्भर रहती है । इससे कीमतों पर भी असर पड़ा, जो पिछली मई के बाद काफी बढ़ी है। सरकार को इससे बड़ी चिन्ता हुई है । जनता को अनाज मिलने की व्यवस्था को मजबूत करने के अतिरिक्त, खरीफ फसल के नुकसान को पूरा करने के लिए, रबी और ग्रीष्मकालीन फसलों की उपज बढ़ाने के लिए एक आपातकालीन कार्यक्रम शुरू किया गया। आशा है कि इस वर्ष रबी की फसल अच्छी होगी। फिर भी, हमें अनाज के सभी उपलब्ध साधनों को होशियारी से काम में लाना चाहिए और अपव्यय को बचाना चाहिए ।

4. गेहूं और चावल के अधिशेष को लेकर थोक व्यापारियों को इन चीजों के व्यापार से अलग करके, और जनता, विशेषकर अभावग्रस्त क्षेत्रों और अधिक जरूरतमंद लोगों तक अनाज पहुंचाने की व्यवस्था को मजबूत बना कर, खाने की चीजों की कीमतों पर नियंत्रण रखा जा सकता है और आम जनता के हितों की रक्षा की जा सकती है। मंडियों में जब गेहूं की अगली फसल आने का समय होगा तब उसका थोक व्यापार सरकार अपने हाथ में ले लेगी। बाद

में श्रावास का अनेक व्यापार भी सरकार ले लेगी । इस कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रशिक्षण और कमी वाले, दोनो प्रकार के राज्यो को पूरा सहयोग देना होगा ।

5. उत्पादन को अधिक से अधिक बढ़ाने की आवश्यकता, प्राथमिकताओ की पूर्ति और उपेक्षित क्षेत्रो की जरूरतो को ध्यान में रखते हुए ऋण नीति द्वारा नियंत्रण जरूरी है। सरकार ने इस वर्ष बाजार से ऋण लेने का कार्यक्रम अपनाया था उसका मकसद भी यही था कि वाणिज्यिक बैंकिंग प्रणाली की बची नकदी खपाई जा सके।

6. 1972 मे, पिछले वर्षों की औद्योगिक उत्पादन की अपेक्षाकृत धीमी गति मे तेजी आई और उत्पादन 7 प्रतिशत से अधिक बढ़ा । यदि देश के अधिकांश भागो मे बिजली की कमी न होती तो उत्पादन और अधिक होता । सरकार बिजली पैदा करने, उसके सचार और वितरण मे सुधार लाने के लिए अल्पकालीन और दीर्घकालीन उपाय कर रही है ।

7. हाल ही मे सरकार ने पांचवी पचवर्षीय योजना की उत्पादन-प्राथमिकताओ को ध्यान मे रखते हुए एकाधिकार और आर्थिक शक्ति के एकत्रीकरण को कम करने के उद्देश्य से अपनी औद्योगिक लाइसेस नीति के बारे मे कुछ स्पष्टीकरण किया है । कई ऐसे उपायो की घोषणा की गई है जिन, से निवेश (इन्वेस्टमेंट) को व्यापक क्षेत्र मे बढावा मिलेगा । लाइसेसो, पूजीगत माल (केपीटल गुड्स) औद्योगिक वित्तदाता सस्थाओ से वित्तीय सहायता, कम्पनियो और पूजी निकासन की अर्जियो की बढती हुई सख्या और उनकी स्वीकृति से पता चलता है कि औद्योगिक कार्यकलाप में तेजी आ रही है । सरकार भी इस बात पर बल दे रही है कि जो औद्योगिक लाइसस पहले मिल चुके है उन पर जल्दी कार्यवाही हो और इस मे तेजी लाने के व्यावहारिक उपाय कर रही है ।

8. अव्यवस्था और अधिशेष पूजी को फिर से न लगा पाने और सयत्रो के आधुनिकीकरण न कर सकने के कारण कुछ टेक्सटाइल और इन्जीनियरी यूनिट या तो बद पडे है या भारी कठिनाइयो का सामना कर रहे है । सरकार ऐसे यूनिटो की समस्याओं पर ध्यान दे रही है । उत्पादन और रोजगार की सुविधा को बढाने के लिए ऐसे कई यूनिटो का प्रबन्ध इस वर्ष सरकार ने अपने हाथ मे ले लिया है । पश्चिम बगाल मे कानून और व्यवस्था के फिर से स्थापित होने पर, 16 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत औद्योगिक स्थिति तेजी से सुधर रही है

9. समाजवाद की ओर हमारी सतत प्रगति मे, आर्थिक क्रियाकलाप का एक व्यापक भाग, सार्वजनिक स्वामित्व और प्रबध के अतर्गत आ गया है । इस मे परिवहन और सचार का एक बडा भाग, बिजली, कोयला, इस्पात, भारी इन्जीनियरी, बैंकिग , बीमा और बाह्य तथा आतरिक व्यापार के महत्व-पूर्ण अश शामिल है । सरकार द्वारा प्रभावशाली कदम उठाए जाने के परिणामस्वरूप पिछले वर्ष अधिकाश सार्वजनिक क्षेत्र के यूनिटो मे निश्चय ही सुधार हुआ है । वास्तव मे इन सभी क्षेत्रो मे उत्पादन तथा जन-सेवा का प्रभाव बधक तथा श्रमिको की कार्यनिष्ठा तथा

सह ागिता की भावना पर निर्भर है । आजकल के संदर्भ में, प्रबन्धको और श्रमिकों दोनो को ही अपनी भमिका के सबध मे पारम्परिक धारणा छोडनी होगी । प्रबधको को नई मनोवृत्तिया अपना कर श्रमिको को जन-सेवक समझना होगा । श्रमिको ने सदा समाजवादी परिवर्तन लाने मे अगुआ होने की ऐतिहासिक भूमिका निभाई है । उन्हे अब देखना होगा कि हमारे सार्वजनिक उद्यमो को पूरी तरह सफल बनाकर उन्हें जन-सेवा का आदर्श बनाने मे ट्रेड यूनियन की आपसी होड कोई बाधा न डाल पाय । जहा तक सरकार का प्रश्न है, वह यह मानती है कि आर्थिक प्रक्रिया मे श्रमिको का विशिष्ट स्थान है । सरकार का हमेशा यह प्रयत्न होगा कि श्रमिकों के न्यायसगत अधिकारा की रक्षा हो । मै श्रमिको से, विशेष रूप से मुख्य उद्योगो और क्षेत्रो मे काम करने वालो से, अपील करता हू कि देश के हितो को सर्वोपरि मानें और बहुत बडी सख्या मे कम वेतन वाले और बेरोजगार लोगा की स्थिति को अपने ध्यान से न हटाए ।

10 निर्बाध उत्पादन, उत्पादकता की वृद्धि, प्रबध और मजदूरी जैसे महत्वपूर्ण प्रश्नो के विभिन्न पहलुओ पर ट्रेड यूनियनो मे सामजस्य लाने का सरकार प्रयास करती रहेगी ।

11. सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमो के कार्य मे सुधार लाने के तरीको पर विचार कर रही है । इन मे से कुछ का पुनगठन होल्डिग कम्पनी के रूप मे करने की आवश्यकता होगी जिस में वास्तविक सार्वजनिक उत्तरदायित्व और औद्योगिक साहसिकता और क्षमता का मिलन हो । इस्पात उद्योग को इन नए तरीकों पर पुनर्गठित करने के लिए 'स्टील औथोरिटी आफ इण्डिया लिमिटेड' की स्थापना की गई है । प्रबंध कार्य तथा सामान्य प्रशासनिक क्रिया विधियो मे और सुधार लाने के लिए जांच-पड़ताल की जा रही है ।

12. राष्ट्रीय विकास परिषद् ने पाचवी पचवर्षीय योजना के दृष्टिकोण-पत्र को स्वीकार कर लिया है । इस प्रलेख मे उस प्रयास का सकेत मिलता है जो स्वावलम्बन प्राप्त करने और गरीबी हटाने के दोनो लक्ष्यो को उचित समय में पूरा करने के लिए आवश्यक होगा । पचवर्षीय योजना मे कई कार्य-क्रमों को हाथ मे लेने का प्रस्ताव है जैसे न्यूनतम आवश्यकता का राष्ट्रीय कार्य-क्रम, रोजगार सबधी कार्य-क्रम पिछडे वर्गों और पिछड़े क्षेत्रो के विकास पर बल देना, तथा जन-साधारण द्वारा उद्योग मे लाए जाने वाले माल के अधिक उत्पादन की दृष्टि से उत्पादन के ढांचे का पुनर्गठन करना । गरीबी की समस्या पर प्रत्यक्ष प्रहार करने के लिए ये कार्यक्रम बनाए गए हैं । यह दृष्टिकोण-पत्र सरकार के इस विश्वास पर आधारित है कि विकास और सामाजिक न्याय का अविच्छिन्न सबध है । सामाजिक न्याय के लिए आवश्यक है कि विकास अर्थपूर्ण हो और विकास के लिए आवश्यक है कि सामाजिक न्याय दीर्घकालीन और स्थायी हो । कोरे विकास से अधिक महत्वपूर्ण है विकास की श्रेष्ठता और उस का अर्थतत्व ।

13. पंचवर्षीय योजना को जो नई दिशा दी गई है और इसके लक्ष्य की विशालता हमारी जनता के सभी वर्गों से महान प्रयास की अपेक्षा रखती है । बाहरी खतरो का सामना करते समय हमने जो एकता, मनोबल और विश्वास दर्शाया था, हमे उन पर देश के आर्थिक और सामाजिक पुनर्गठन के कार्य मे दृढता पूर्वक जमे रहना है। मुझे इस मे कोई सदेह नही कि जनता इस चुनौती को स्वीकार करेगी। हमारे गणराज्य की इस पाचवी ससद् को यह सौभाग्य प्राप्त होगा कि वह इस पचवर्षीय योजना को आकार प्रदान करके आर्थिक स्वराज्य की दिशा मे एक नया मोड देगी।

14 पिछले दो-तीन वर्षों से ग्रामीण जनता के हित के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे है—कृषको के लिए छोटे और व्यावहारिक कार्यक्रम, ग्राम-रोजगार का कार्यक्रम, सूखा पडने वाले क्षेत्रो का कार्यक्रम, ग्रामीण क्षेत्रो से भूमिहीन श्रमिको के निवास की व्यवस्था तथा आहार-पुष्टि सबध कार्यक्रम 5 ,0 000 शिक्षित लोगो को रोजगार देने का एक विशेष कार्यक्रम बनाया गया है। भूमिहीन श्रमिको के लिए आवास स्थान की व्यवस्था ग्राम रोजगार तथा ग्रामीण क्षेत्रो म पानी और बिजली पहुचाने की स्कीमो मे और गति लाई जाएगी। भूमि सुधार के कार्य को पूरा करने मे तेजी लाई जाएगी।

15 साथ ही साथ, पचवर्षीय योजना के लिये प्रारभिक कार्यक्रम भी तयार कर लिया गया है । प्रयत्न यह है कि दाल, तिलहन, गन्ना और कपास का उत्पादन बढे, सिंचाई प्रायोजनाओ मे तेजी आए, बिजली घरो के काम मे सुधार हो और नए बिजली घर जो प्राय. बन चुके हैं, जल्दी काम करने लगें। इस्पात तथा रासायनिक खादो के उत्पादन मे भी वृद्धि की जा रही है ।

16. सामाजिक परिवर्तन तथा आर्थिक विकास दोनों मे शिक्षा के महत्व को समझते हुए सरकार पाचवी पंचवर्षीय योजना मे राज्य सरकारो के सहयोग से शिक्षा के नवनिर्माण और विकास के लिए कदम उठाएगी।

17. एक विज्ञान और प्रौद्योगिकी योजना तैयार की जा रही हैं जो आर्थिक योजना का एक अभिन्न अंग होगी । इससे हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी को स्वावलबन और आर्थिक विकास के लिए अधिक उद्देश्यपूर्ण तरीके से काम मे ला सकेगा। पर साथ ही ऐसे कदम भी उठाने होगे जिस से प्राकृतिक परिवेश की स्वच्छता की रक्षा हो सके ।

18 वाह्य अन्तरिक्ष के शातिपूर्ण प्रयोगो का अधिकतम लाभ उठाने के लिए एक नया अतरिक्ष विभाग व अतरिक्ष आयोग की स्थापना की गई है ।

19 आध्र प्रदेश की हाल की घटनाओ से सरकार को काफी चिता हुई है। इस समस्या का एक लम्बा इतिहास है। हमे इस बात की काफी चिता है कि इस समस्या को सुलझाने मे हिंसा का आश्रय लिया जा रहा है। इस प्रकार की हिंसा से हमारे आधारभूत मूल्यो को आघात पहुचता है। इसमे जान माल को भी काफी नुक्सान पहुचा है। जिन्होंने नुक्सान उठाया है उनके प्रति मेरी सहानुभूति है। ऐसी कोई समस्या नही है जिसका शाति से विचार-विमर्श करके तर्कसगत हल न निकाला जा सके। सरकार अपनी जनता के भी वर्गों के हितो की रक्षा करना चाहती है। मै आध्र प्रदेश के लोगो से अपील करता हू कि वे एक शातिपूर्ण हल ढूढ निकालने मे सरकार का पूरा साथ दे।

20 अब मैं पास और दूर पडोसियो से अपने सम्बन्धो की चर्चा करूगा। हमारी इच्छा रही है कि पाकिस्तान के साथ आपसी हित के मित्रतापूर्ण सम्बन्ध स्थापित हो। हमने '1' शांति की राह पर पहले कदम

के रूप में शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता इस बात पर बल देता है कि हम दोनों अपने मत-भेद किसी बाहरी एजेंसी या तीसरे पक्ष को लाए बिना आपसी विचार-विमर्श और शांतिपूर्ण तरीकों से दूर करें। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि भारत और पाकिस्तान ने आपसी बातचीत द्वारा ही जम्मू और कश्मीर में, एक ऐसी नियन्त्रण रेखा बनाई है जिसका दोनों पक्षों को आदर करना है। इसी प्रकार दोनों पक्षो ने अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर अपनी सेनाएं हटा ली हैं इस प्रकार भारत ने पांच हजार नौ सौ वर्ग मील से अधिक पाकिस्तानी भूमि छोड़ी। पाकिस्तान के प्रति भारत के मित्रतापूर्ण रवैये का ठोस प्रमाण इसी से मिल जाना चाहिए।

21. पश्चिमी क्षेत्रों के युद्धबन्दी अपने-अपने देश को लौटा दिए गए हैं। जहां तक पूर्वी क्षेत्र में भारत और बंगला देश के सयुक्त कमान को आत्मसमर्पण करने वाले युद्ध-बंदियो का प्रश्न है यह आशा की जाती है कि पाकिस्तान ऐसे कदम उठाएगा कि इस युद्ध से सम्बन्धित तीनो देश इस प्रश्न पर बातचीत कर सके। शिमला समझौते से न केवल भारत और पाकिस्तान के बीच सम्बन्धो मे सुधार हो सकता है और उनको सामान्य किया जा सकता है, बल्कि सम्पूर्ण उप-महाद्वीप में स्थाई शांति की स्थापना भी हो सकती है। इससे इस उप-महाद्वीप के देश अपनी शक्ति तथा सीमित साधनों को अपनी जनता के आर्थिक और सामाजिक कल्याण के आवश्यक कार्य मे तेजी लाने के लिए लगा सकेंगे।

22 मित्रता, सहयोग तथा शांति की ऐतिहासिक सन्धि और आपसी हित के विभिन्न मामलों से सम्बद्ध समझौते, बंगला देश के साथ हमारी मित्रता के प्रतीक हैं। बंगला देश ने मुक्ति-संग्राम में हुए विध्वंस से हुई क्षति को पूरा करने में अच्छी प्रगति की है। एक वर्ष के भीतर ही बंगला देश ने अपना संविधान बना लिया है और पहला आम चुनाव होने जा रहा है। शायद ही कोई ऐसा राष्ट्र है जिस ने इतनी कठिनाइयों के बावजूद राजनीतिक स्थायित्व और आर्थिक क्षतिपूर्ति के मार्ग पर इतनी तेजी से कदम उठाया हो। हमें आशा है कि बंगला देश, जिसे 95 देश मान्यता दे चुके हैं, सयुक्त राष्ट्र संघ में उचित स्थान ग्रहण करेगा। बंगला देश के साथ हमें भी इस बात की चिंता है कि उसके नागरिक पाकिस्तान में रोके रखे गये है। हम आशा करते है कि वे जल्द ही मुक्त कर दिए जायेंगे।

23. नेपाल के साथ हमारे मित्रतापूर्ण सम्बन्ध और सहयोग बराबर बढ़ रहे हैं। अप्रैल–मई 1972 मे हमें नेपाल के प्रधान मंत्री, सम्माननीय श्री कीर्तिनिधि बिष्ट का अपने देश में स्वागत करने का सुअवसर मिला। हमारी प्रधान मंत्री ने इस महीने के प्रारम्भ में नेपाल की यात्रा की जिसके दौरान महत्वपूर्ण विचार-विनिमय हुए। इन यात्राओं मे दोनों देशों के बीच पहले से चले आ रहे निकट के मित्रतापूर्ण और आपसी हित के सम्बंधो को और मजबूत होने में सहायता मिली।

24 महामहिम जिग्मे दोरजी वांगचुक के निधन से भूटान ने एक महान् राजनीतिज्ञ और भारत ने एक परमप्रिय मित्र खो दिया नैरोबी मे उनकी मृत्यु के समाचार से भारत में गहरा शोक हुआ। नये नरेश महा-महिम जिग्मे सिंगे वांगचुक को हमारा पूरा सहयोग और समर्थन प्राप्त होगा। हमें विश्वास है कि उनके शासन-काल में भूटान और भारत के बीच निकट मित्रता के सम्बन्ध और भी सुदृढ़ होंगे।

25 हमें इस बात की प्रसन्नता है कि वियतनाम में बहुत लम्बे अर्से के बाद शांति समझौता हो गया है। वह भयंकर युद्ध, जिसने पूरी एक पीढ़ी को तबाह किया, और जिससे लोगों को बहुत कठिनाइयों और कष्टों का सामना करना पड़ा, समाप्त हो गया है। हम आशा करते हैं कि इस युद्धविराम के बाद स्थायी शांति आयेगी और वियतनाम की जनता पुनर्निर्माण के कार्य में लग सकेगी। हम यह भी आशा करते हैं कि इसके पड़ौसी राज्य लाओस और कम्बोडिया में शांति और व्यवस्था कायम होगी।

26 हमने सभी देशों के साथ मित्रता, आपसी समझ बूझ और सहयोग के सम्बन्ध मजबूत किए हैं। यह संतोष की बात है कि इनमें से कई देशों के साथ हमारा व्यापार भी बढ़ा। सोवियत संघ के साथ अपने निकट सम्बन्धों की महत्ता हम समझते हैं और उन्हें हम सुदृढ़ करते रहेंगे।

27 यह हमारी तीव्र इच्छा है कि संयुक्त राज्य अमरीका के साथ समझबूझ और सहयोग बढ़े।

28 यूनाइटेड किंगडम, डेनमार्क और आयरलैंड के प्रवेश के बाद, विशाल योरोपीय आर्थिक समुदाय के रूप से एक नये पश्चिमी यूरोप का प्रकट होना एक महान घटना है। हमारी आशा है कि यह विशाल योरोपीय समुदाय अपने में ही सीमित न रह कर अपनी दृष्टि बाहर भी फैलाएगा और विकासशील देशों की समस्याओं के प्रति सहायक रवैया अपनाएगा।

29 हम अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति में ऐसी सभी गतिविधियों का स्वागत करते हैं, जिनसे तनाव में कमी आई है। मेरी सरकार चीन के साथ सम्बन्ध सामान्य बनाना चाहेगी। हमारे विचार से संयुक्त राज्य अमरीका और चीन, जापान और चीन, और उत्तर तथा दक्षिण कोरिया के बीच मेल मिलाप बढ़ाने के प्रयत्न तनाव कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यूरोप में जर्मन संघीय गणराज्य द्वारा वर्तमान सीमाओं को मान लेने में जर्मन संघीय गणराज्य और जर्मन जनवादी गणराज्य के बीच विशेष रूप से और यूरोपीय राज्यों के बीच सामान्य रूप से, तनाव में कमी हुई है।

30 रोडेशिया का ज़ाम्बिया के साथ अपनी सीमा बन्द करने और ज़ाम्बिया के सभी आयात और निर्यात का आना-जाना रोक देने से ज़ाबिया की जनता में जो दुःख और रोष स्वाभाविक था उसके प्रति हमारी सहानुभूति थी। हमने ज़ाम्बिया सरकार से उस देश को यथायोग्य सहायता देने की बात की है। हमें खेद है कि रोडेशियाई कार्यवाही से उत्पन्न स्थिति के कारण पिछले महीने डा० केनेथ कौण्डा भारत की राजकीय यात्रा पर नहीं आ सके।

31 उगाण्डा से एशियाइयों का निष्कासन सरकार के लिए भारी चिंता का विषय है, क्योंकि इससे भारतीय मूल के ऐसे कई हजार लोग बेघर हुए जिन्होंने उगाण्डा को अपना घर बनाया था और इसके विकास में योग दिया था। मैंने इथोपिया, तनज़ानिया और ज़ाम्बिया की अपनी यात्रा में पाया कि इसमें उन अफ्रीकी देशों के, जो आर्थिक विकास, जातीय समानता और सहिष्णुता के लिए प्रयत्नशील है उदार विचारों वाले समुदायों को काफी हैरानी हुई है। उपनिवेशवाद, अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष में हम अफ्रीकी जनता के साथ है। मुझे प्रसन्नता है कि अफ्रीकी देशों के साथ हमारा तकनीकी और आर्थिक सहयोग तेजी से बढ़ रहा है।

32 हमे खेद है कि अरब क्षेत्रो पर इजराइली आधिपत्य से उत्पन्न समस्या के समाधान की दिशा मे कोई प्रगति नहीं हुई है। इस नाजुक मामले पर हमारा रवैया उन सिद्धान्तो पर आधारित है जिनका हमने सयुक्त राष्ट्रसघ के पिछले प्रस्ताव मे फिर से समर्थन किया है, जिसमे इजराइल से यह कहा गया है कि वह इन क्षेत्रो से हट जाए ।

33 माननीय सदस्यगण हमारी आन्तरिक और बाहरी नीतियो के औचित्य तथा हमारी अर्थव्यवस्था, हमारी सस्थाओ और हमारी जनता की आधारभूत जीवन शक्ति कई बार सिद्ध हो चुकी है, जब-जब देश को गभीर स्थितियो का सामना करना पडा है । मुझे विश्वास है कि हमारी वतमान कठिनाइया अस्थायी हैं और हम इनका सफलतापूर्वक सामना करने से अधिक सगठित और अनुशासित बनेगे । इन चुनौतियो का सामना करने के लिए हमे स्पष्ट दृष्टि और एक ही लक्ष्य से काम करना है ।

34 आप इस वर्तमान अधिवेशन मे अगले वित्तीय वर्ष के लिए अनुदानो की मागो पर तथा विधायी कार्य पर विचार करेगे। सरकार ससद् के समक्ष कोयला खान (प्रबन्ध अधिग्रहण) अध्यादेश, 1973 के स्थान पर एक विधेयक पेश करेगी । सरकार ससद् के समक्ष एक व्यापक कर नियम (सशोधन) विधेयक भी पेश करना चाहती है। इसके अतिरिक्त, विदेशी अशदानो को नियमित करने के लिए कानून बनाना, छोटे और मध्यम समाचारपत्रो को वित्तीय सहायता देने के लिए एक समाचारपत्र वित्त निगम की स्थापना करने का विधेयक तथा चुनाव कानून, सीनेमैटोग्राफी अधिनियम तथा दिल्ली विकास अधिनियम मे सशोधन से सम्बन्धित विधेयक ससद् मे पेश किए जायेंगे ।

35 सम्माननीय सदस्यगण ! अपनी शुभ कामनाओ के साथ मै नए प्रयासो के लिए आपका आह्वान करता हू ।

---

12 31 hrs.

SOME HON MEMBERS *rose*—

MR SPEAKER Order, please (*Interruptions*) I am not permitting anybody If you go on speaking without my permission, nothing will go on record (*Interruptions*) May I request you to sit down? अपने आते ही यह काम शुरू कर दिया है । अभी ता तीन महीने बैठना है। इतनी तेजी से शुरू कर के आप थक जायेंगे । (व्यवधान) यही प्रिसिडेंट यह चला आ रहा है कि पहले दिन और कोई काम नही होता। आज तो प्रेजिडेंट के ऐड्रेस की कापी यहा रखी जायेगी । उस के बाद आबिचुअरी रिफरेंसेज होंगे । आप जो कुछ आज कर रहे है वह कल ही करें तो अच्छा है ।

I will consider everything tomorrow. Now we take up the agenda as it is I am going to take up Obituary References

*Interruptions**

MR SPEAKER May I request the hon members to sit down? We shall see tomorrow.

---

*Not recorded